# वीयू – जबलपुर वेटरनरी कॉलेज के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण




नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर ने आज दिनांक 8 जुलाई 2023 को सन् 1948 – 2023 तक अपने गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण किए। जिसे विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय परिवार ने पूरे 1 वर्ष तक महोत्सव के रूप में मनाया। 8 जुलाई 2023 को प्लैटिनम जुबली अमृत महोत्सव कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर आदित्य कुमार मिश्रा पूर्व अध्यक्ष, एस.आर.बी. एवं पूर्व कुलपति महाराष्ट्र एनिमल एंड फिशरी साइंस यूनिवर्सिटी तथा जीबी पंत यूनिवर्सिटी रहे। विशिष्ट एवं सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ. अजय विश्नोई विधायक पाटन मध्य प्रदेश शासन, डॉ. उमेश चंद्र शर्मा अध्यक्ष भारतीय पशु चिकित्सा परिषद नई दिल्ली, श्री अशोक रोहाणी विधायक केंद्र जबलपुर, विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में, डॉ. मनमोहन सिंह आईएएस पूर्व अपर मुख्य सचिव आंध्र प्रदेश एवं पूर्व कुलपति एसयूवी तिरुपति, विशिष्ट अतिथियों में डॉ. कपिल देव मिश्र कुलपति रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र कुलपति जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, डॉ. अशोक खंडेलवाल कुलपति मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, डॉ. गोविंद प्रसाद मिश्रा संस्थापक कुलपति, आर.के. मेहिया संचालक पशुपालन एवं डेयरी मध्यप्रदेश शासन भोपाल, डॉ. आर.पी.एस. बघेल अध्यक्ष जेवी सीएए जबलपुर, डॉ. आर.के. जयसवाल अध्यक्ष आईबी ग्रुप राजनांदगांव छत्तीसगढ़ तथा आयोजन सचिव अधिष्ठाता डॉ. राजेश शर्मा द्वारा माँ सरस्वती की पूजन से प्रारंभ किया गया तत्पश्चात विश्वविद्यालय की शानदार प्रस्तुति कर मंचासीन अतिथियों का परिचय देते हुए स्वागत तुलसी पौधा, शाल, श्रीफल तथा



स्मृति चिन्ह देकर किया गया। स्वागत उद्बोधन अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

माननीय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति उसकी नींव पर निर्भर होती है इस महाविद्यालय की नीव बहुत अच्छी रही है और तभी यह उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर है और हम सभी प्रगति के लिए जरूरी है कि, सभी स्टेकहोल्डर मिलकर कार्य करें। इस बात पर जोर डाला कि समय की प्रतीक्षा न करते हुए सिर्फ कार्य करने की मन में सोच रखें जिससे सफलता जरूर हासिल कर सकेंगे। मुख्य अतिथि डॉ. आदित्य कुमार मिश्र ने अपने उद्बोधन में सभागार में उपस्थित सभी को प्लैटिनम जुबली की बधाई देते हुए कहा कि इस महाविद्यालय के भूतपूर्व व अध्ययनरत छात्रों का इस महाविद्यालय के उत्थान में बहुत योगदान है और वैलेरियन बहुत से क्षेत्रों में आगे बढ़कर अच्छा कार्य कर रहे हैं जिससे कि लाइफ स्टाक सेक्टर में देश अग्रणी है। डॉ. अजय विश्नोई विधायक पाटन तथा पूर्व छात्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि पशुपालन एवं पशु शिक्षा महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को नहीं सिर्फ प्रदेश की उन्नति के लिए कार्यरत रहना है अपितु देश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करना है। श्री अशोक रोहाणी विधायक कैंट, जबलपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि इस महाविद्यालय से पढ़ें छात्र–छात्राएं आज उच्च पद पर आसीन हैं और अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं और अपनी पूरी सहभागिता वेटरनरी फील्ड की प्रगति में दे रहे हैं। डॉ. एम.एम. सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वेटरनरी डॉक्टर्स विदेश में तथा भारत में हर महत्वपूर्ण क्षेत्र पर अच्छे औधे पर पदस्थ है और उत्तम कार्य कर नाम रोशन कर रहे हैं तथा उन्होंने अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को वेटरनरी फील्ड में अच्छे कार्य करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. यूसी शर्मा, वीसीआई अध्यक्ष नई दिल्ली ने कहां कि आज वेटनरी प्रोफेशन की वजह से ही मूक जानवरों की देखरेख देश में हो पा रही है तथा देश आज दुग्ध के उत्पादन में अग्रणी है तथा देश में फूड सिक्योरिटी भी बड़ी है तथा वेटरनरी प्रोफेशन गौरवान्वित करने वाला प्रोफेशन है।

डॉ. गोविंद प्रसाद मिश्र संस्थापक कुलपति ने अपने उद्बोधन में निरंतर प्रगति पथ पर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कुलपति जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र ने अपने उद्बोधन में सभी को बधाई दी तथा वेटरनरी शिक्षा और कृषि शिक्षा किसानों के हितार्थ उपयोगी बताया। कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय डॉ. कपिल देव मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा वेटनेरियनस नानाजी के आदर्शों पर चल काम करते हैं वह अपने लिए नहीं अपनों के लिए कार्य करने के लिए वचनबद्ध है अर्थात किसानों के हितार्थ कार्य करते हैं। डॉ. अशोक खंडेलवाल कुलपति मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने 75 वर्ष पूर्ण होने की सभी को बधाई दी तथा वेटनरी को एक नोबेल प्रोफेशन बताया। संचालक पशुपालन विभाग डॉ. के मेहिया ने अपने उद्बोधन में कहा मध्यप्रदेश में पशु शिक्षा एवं पशुपालन के क्षेत्र में किए गए उत्तम कार्यों को देखते हुए भारत सरकार ने मध्य प्रदेश को वन हेल्थ कार्यक्रम हेतु पांच राज्यों में एक राज्य चुना है और बताया कि मध्य प्रदेश की उन्नति में वेटरनरी का बहुत बड़ा योगदान है। अध्यक्ष आईबीग्रुप डॉ. आरके जयसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा वेटनरी प्रोफेशन के द्वारा ही देश में प्रोटीन का उत्पादन बड़ा है। वेटनेरियंस महत्वपूर्ण भूमिका पर्यावरण संरक्षण हेतु भी

निभाते हैं साथ ही आज सतत उत्पादन की मांग है जिस ओर हमें और बेहतर कार्य करना होगा।



कार्यक्रमों की श्रंखला में जेवीसीएए के न्यूज़ लेटर तथा डॉ. ए.के. गौर द्वारा लिखित पुस्तक कपिला गौशाल का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को जे.वी.सी.ए.ए. की ओर से 21 स्वर्ण पदक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया जिसमें 8 स्वण पदक सुश्री नेहा शर्मा को तथा 7 स्वर्ण पदक सुश्री ओजल सिंह को मिले। जिसमें डॉ. एम.वाई. मंगरुलकर गोल्ड मेडल पैथोलॉजी, बैक्टीरियोलॉजी, पैरासिटोलॉजी डॉ. नेहा शर्मा

डॉ. चेल्वा अयंगर स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा शरीर रचना डॉ. नेहा शर्मा

3 डॉ. जे.एल.वेगड़ स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा रोग विज्ञान डॉ. नेहा शर्मा

डॉ. विद्या नंद शुक्ला स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी डॉ. पूर्णिमा द्विवेदी

5 डॉ. एस.के. सक्सैना स्वर्ण पदक पशुचिकित्सा फिजियोलॉजी डॉ. नेहा शर्मा,

श्रीमती गंगा बाई गुप्ता स्वर्ण पदक एआरजीओ डॉ. ओजल सिंह

डॉ. एम.एल. मेहता गोल्ड मेडल पशु चिकित्सा डॉ. ओजल सिंह

8 डॉ. आर.जी. धावेडकर स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी एवं मेडिसिन डॉ. ओजल सिंह

श्री गोपाल राव काटपटल स्वर्ण पदक पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन डॉ. ओजल सिंह

विनायक नीलकंठ सागदेव स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा विस्तार डॉ. नेहा शर्मा

निहाल गौड़ स्वर्ण पदक पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन डॉ. नेहा शर्मा

मीना राजावत स्वर्ण पदक पशु पोषण डॉ. ओजल सिंह

कर्नल के.जी.एस. राजावत स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा सर्जरी एवं रेडियोलॉजी डॉ. ओजल सिंह

डॉ. डी.एन. श्रीवास्तव स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा फार्माकोलॉजी डॉ. नेहा शर्मा

डॉ. वी.पी. मित्तल गोल्ड मेडल बी.वी.एससी. एवं ए.एच., टॉपर (कॉलेज स्तर) डॉ. नेहा शर्मा

डॉ. एस.एस. भदौरिया मेमोरियल गोल्ड मेडल आईसीएआर जेआरएफ (पशु विज्ञान) महिला छात्रा डॉ. ओजल सिंह

डॉ.एल.डी. बाजपेयी मेमोरियल गोल्ड मेडल एनिमल न्यूट्रिशन, छात्र छात्र डॉ. नितिन वैष्णव

**एम.वी.एससी. (स्नातकोत्तर)**

1 भरत लाल मेमोरियल गोल्ड मेडल एआरजीओ डॉ. आनंद कुमार यादव

2 डॉ. जे.एल. सोनी स्वर्ण पदक पशु चिकित्सा डॉ. सैंदला राकेश

3 डॉ. ए.एम. श्रीवास्तव स्वर्ण पदक एम.वी.एससी. एवं ए.एच., टॉपर (कॉलेज स्तर) डॉ. मारेड्डी विनीता रेड्डी

4 डॉ. इंद्रजीत शर्मा स्वर्ण पदक पशुचिकित्सा फिजियोलॉजी डॉ. चारू शर्मा। साथ ही आटिज्म बीमारी से पीड़ित बच्चों के लिए उत्कृष्ट सेवा हेतु डॉ एस के श्रीवास्तव का सम्मान किया गया ।

विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के अंतर्गत समस्त महाविद्यालयों का असेसमेंट किया गया जिसमें जबलपुर वेटरनरी कॉलेज को बेस्ट कॉलेज का अवार्ड दिया गया। जिसकी ट्रॉफी मंचासिन अतिथियों द्वारा अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा को प्रदान की। प्रथम सत्र के कार्यक्रम के अंत में जबलपुर वेटनरी कॉलेज के 75 वर्षीय सफरनामे का एक फिल्म के माध्यम से प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में पूर्व छात्र मिलन एवं सम्मान सत्र का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें वेटरनरी कॉलेज जबलपुर मे शिक्षा प्राप्त सन 1961 से लेकर शिक्षण सत्र 20–21–23 तक के करीब 550 भूतपूर्व छात्र–छात्राएं देश के विभिन्न राज्यों से शामिल हुए तथा अपने संस्मरण साझा किए। तत्पश्चात महाविद्यालय पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं परितोषक का आयोजन किया गया जिसमें क्विज मास्टर के रूप में डॉ. आदित्य मिश्रा ने समस्त भूतपूर्व छात्र छात्राओं से कॉलेज महाविद्यालय से जुड़े सवाल पूछें सही जवाब देने वालों को पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सन 1961 से लेकर 2023 तक के विभिन्न छात्र–छात्राओं के बैच अनुसार समूह छायाचित्र यादगार हेतु लिया गया। द्वितीय सत्र के अंत में जेवीसीएए की साधारण सभा बैठक का आयोजन हुआ जिसमें नए अध्यक्ष, सचिव, कोशाधयक्ष आदि का सभी सदस्यों द्वारा निर्वाचिन किया गया। प्लैटिनम जुबली के तृतीय सत्र में महाविद्यालय एवं पूर्व छात्र द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसमें मध्य प्रदेश के लोक नृत्य पाश्चात्य शैली में फ्यूजन नृत्य, क्लासिकल डांस, एकल गायन आदि की मंत्रमुग्ध प्रस्तुति की गई जिसमें भूतपूर्व छात्र–छात्राओं ने भी अपनी प्रस्तुति दी। जिसका सभागार में उपस्थित सभी ने आनंद लिया।

कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्र तथा प्रबंधन मंडल के सदस्य डॉक्टर सुधीर यादव डॉ. एस पी शुक्ला तथा पशुपालन विभाग से संयुक्त संचालक जबलपुर संभाग डॉ. वी.के. बाजपेई की उपस्थिति उल्लेखनीय रही साथ ही कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, डॉ. एस.एस. तोमर डॉ.सुनील नायक, जी.पी. लखानी, डॉ. अकलंक जैन, डॉ. अंजनी मिश्रा डॉ. बी.पी. शुक्ला डीएसडब्ल्यू डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. सिंह, डॉ. एस.एस. कारमोरे तथा सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्राध्यापक ए.बी. श्रीवास्तव, डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. कादरी, डॉ. अरोरा आदि उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा तथा समस्त कार्य हेतु निर्मित समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों का योगदान रहा कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी गण महाविद्यालय के समस्त

प्राध्यापक गण कर्मचारी गण एवं छात्र–छात्राएं शामिल हुए। मंच संचालन डॉ. अमिता तिवारी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सचिव जे.वी.सी.ए., डॉ. देवेन्द्र गुप्ता द्वारा दिया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.विविजबलपुर